# किसान उत्पादक कंपनियों को मिलेंगी अधिक सुविधाएं : किदवई




व्यापार प्रतिनिधि, भोपाल। किसानों की आय बढ़ाने में किसान उत्पादक कंपनियां (एफपीसी) कारगर साबित हो रहीं हैं, सरकार भी यही चाहती है, इन कंपनियों को राज्य सरकार अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इसके लिए हम राज्य स्तरीय कृषि नीति तैयार कर रहे हैं। यह बात भोपाल लघु कृषक कृषि व्यापार संघ, राज्य सरकार और एबीपीयु ग्रांट थार्नटन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मप्र कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक फैज अहमद किदवई ने कही। किदवई ने आश्वासन दिया कि अगर किसानों की ये कंपनियां किसी बड़ी कंपनी को माल बेचती है तो उन पर मंडी टैक्स का प्रॉविजन नहीं होगा।

इस अवसर पर लघु कृषक कृषि व्यापार संघ की प्रबंध निदेशक नीलकमल दरबारी, एबीपीयु ग्रांट थार्नटन की ओर से चिराग जैन व यशवंत सैठिया उपस्थित रहे।

श्रीमती नीलकमल दरबारी ने बताया कि मप्र में 142 कंपनियां है व प्रत्येक कंपनी से 500 से 1000 किसान जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि संगठित समूह होने से इन कंपनियों के कृषि उत्पादों की खरीद और सेवाओं में मोलभाव की क्षमता अधिक होती है। इससे लेनदेन की लागत भी कम होती है और वह बड़े बाजारों तक अपनी पहुंच बना लेती हैं। वह निजी अथवा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के साथ भागीदारी के लिए भी अधिक सक्षम होती हैं। मप्र में एफपीसी गेहूं, सोयाबीन, चना व प्याज बिक्री कर रही हैं।

# कृषि व्यापार संघ की परामर्श बैठक का आयोजन



**भोपाल।** भोपाल लघु कृषक कृषि व्यापार संघ, राज्य सरकार और एबीपीयू ग्रॉट थार्नटन के सहयोग से मध्य प्रदेश कृषि व्यापार प्रोत्साहन कक्ष का निर्माण 2018 में किया गया था। इस कार्यक्रम के कारण इससे जुड़े कृषि उत्पादक कंपनियों व कृषकों की आय में वृद्धि हो रही है। शुक्रवार को कृषि व्यापारी प्रोत्साहन कक्ष द्वारा हितधारकों के परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नीलकमल दरबारी प्रबंध निर्देशक लघु कृषक कृषि व्यापार संघ और फैज अहमद किदवई प्रबंध निर्देशक मप्र कृषि विपणन बोर्ड उपस्थित थे। कायक्रम में एबीपीयु ग्रॉट थार्नटन कि ओर से चिराग जैन , निर्देशक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि आदान बनाने वाली कंपनियां जैसे आइशर ट्रैक्टर एमपी एग्रो, ईफको, बायर कॉप साइंस कृषि व खाद्य प्रसंस्करण कंपनी विपी इंडस्ट्रीज, एडीएम एग्रो व उपस्थित रहीं।

# कृषि व्यापारी प्रोत्साहन के द्वारा हितधारकों के परामर्श बैठक का आयोजन

**भोपाल •** लघु कृषक व्यापार संघ, राज्य सरकार और एबीपीयू ग्रांट थार्नटन के सहयोग से मध्यप्रदेश कृषि व्यापार प्रोत्साहन कक्ष का निर्माण वर्ष 2018 में किया गया था इस कार्यक्रम के कारण इसे जुड़े कृषि उत्पादक कम्पनियों व उसे जुड़े कृषकों की आय में वृद्धि हो रही है। आज 7 जून 2019 को कृषि व्यापारी प्रोत्साहन कक्ष के द्वारा हितधारकों के परामर्श बैठक का आयोजन भोपाल में किया गया जिससे



मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नीलकमल दरबारी प्रबंध निर्देशक लघु कृशक कृषि व्यापार संघ और श्री फैज अहमद किदवई, प्रबंध निर्देशक मध्यप्रदेश कृषि विपणन बोर्ड उपस्थित थे। कार्यक्रम में एबीपीयु ग्रांट थार्नटन की ओर से श्री चिराग जैन, निर्देशक व श्री यांशवत सैठिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि आदान बनाने वाली कम्पनीयां जेसे आईशर ट्रेक्टर एम पी एग्रो, ईफको, बायर कॉप साइंस कृषि व खादय प्रसंकरण कम्पनी जेसे वीपी इंडस्ट्रीज ए डी एम एग्रो व अन्य कम्पनी उपस्थित रही।